nandgaon times june-30-3.qxd 6/29/2025 10:36 PM Page 1

विश्व में प्रसिद्ध हनुमान चालीसा... पृष्ठ 2 | ईडी ने की दुर्ग क्षेत्र के बालोद... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स

सोमवार, 30 जून 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 250, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए




नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मोः 98274-61508, 83192-88559


# पढ़ाई ठीक से करना है न, मोबाइल ज्यादा नहीं देखना

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय नन्हें बच्चों के बीच बैठकर स्मार्ट क्लास-रूम से हुए रू-ब-रू

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय शनिवार को जशपुर जिले के कांसाबेल के बगिया हाईस्कूल में नन्हें बच्चों के बीच बैठकर स्मार्ट क्लास-रूम से रू-ब-रू हुए। वे च्सम्पर्क स्मार्ट स्कूलज् कार्यक्रम के शुभारंभ के दौरान कक्षा तीसरी और चौथी की बालिकाओं के बीच बैठे और बड़ी आत्मीयता से उनकी पढ़ाई-लिखाई के बारे में पूछा। मुख्यमंत्री श्री साय ने बगिया में तीसरी कक्षा में पढ़ने वाली डॉली गुप्ता से उसका और उसके गांव का नाम पूछकर दुलारते हुए कहा, च्पढ़ाई ठीक से करना है नज् मोबाइल ज्यादा नहीं देखनाज्ज। उन्होंने सभी बच्चों को मोबाइल ज्यादा नहीं देखने और पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार संपर्क फाउंडेशन के सहयोग से जशपुर जिले के 50 प्राथमिक शालाओं में च्सम्पर्क स्मार्ट स्कूल-स्मार्ट ब्लॉकज् कार्यक्रम संचालित कर रही है। शासकीय स्कूलों को निजी स्कूलों से बेहतर बनाने और कक्षा में सीखने की गुणवत्ता में सुधार करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।



इसके तहत संपर्क फाउंडेशन सभी स्कूलों को निःशुल्क टीवी सेट और सम्पर्क टीवी स्मार्ट स्कूल किट प्रदान करेगा। राज्य शासन की इस पहल से करीब 3200 बच्चों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। इन स्कूलों में कार्यरत 120 शिक्षकों को टीचिंग-लर्निंग मटेरियल्स उपलब्ध कराने के साथ ही संपर्क की प्रभावी शिक्षण पद्धति का प्रशिक्षण दिया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने बगिया में च्सम्पर्क स्मार्ट स्कूल-स्मार्ट ब्लॉकज् के शुभारंभ की सराहना करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चों के सीखने की क्षमता को बढ़ाना है। च्स्मार्ट स्कूल्स, स्मार्ट ब्लॉक्सज् कार्यक्रम स्कूलों में पढ़ना और पढ़ाना आसान बनाएगा। यह पहल बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करेगी। यह शिक्षकों को प्रशिक्षित कर शिक्षण प्रक्रिया को व्यवस्थित और सरल बनाएगी, जिससे क्लास-रूम में पढ़ाई बच्चों के लिए आनंददायक बन सके। ये संसाधन वैश्विक शिक्षण पद्धतियों पर आधारित हैं, जो एससीईआरटी (स्ष्टश्वक्रञ्ज) और निपुण भारत के लक्ष्यों के अनुरूप है।

## शैंकी बग्गा ने राजनांदगांव शीतला माता वार्ड नं. 24 के जमातपारा सागरपारा और दीवान पारा क्षेत्र का भ्रमण किया



### जनमानस से संवाद किया, उनकी शिकायतो और मांग को समझा और संबंधित विभाग से निराकरण करवाया

**राजनादगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जनमानस को आयुष्मान कार्ड आयुष्मान ऐप से तुरंत बना के दीया। जनमानस को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतरगत राशन कार्ड से जुड़ी सारी जानकारी भी दी। जनमानस को पीएम आवास योजना, विश्वकर्मा योजना, मुद्रा योजना और स्वनिधि योजना के बारे में जानकारी दीया ताकि वे आत्मनिर्भर और जॉब क्रिएटर बन सकें। श्रमिक परिवार को श्रमिक कार्ड का पंजीकरण, संसोधन और नवीनीकरण करवा के दिया तथा श्रमिको के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओ को बताकर आवेदन करवाया। मेरी प्राथमिकता जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना, जनमानस की सेवा और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मैं प्रयास कर रहा हूं।

## वार्ड पार्षद अमित छाबड़ा ने विधानसभा अध्यक्ष व उपमुख्यमंत्री का किया स्वागत.

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन करने पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष व उप मुख्यमंत्री अरुण साव का वरिष्ठ पार्षद अमित छाबड़ा ने स्वागत कर वार्ड की विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम में आमंत्रण मिलने पर आभार व्यक्त करते हुए वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद श्री छाबड़ा ने कहा कि, वे वार्ड सहित क्षेत्रवासियों की ओर से क्षेत्र के विकास में अहम योगदान दे रहे माँ बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति द्वारा माँ बम्लेश्वरी की पावन नगरी में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम उठाया है। इस अस्पताल के उद्घाटन से न केवल डोंगरगढ़ बल्कि आस-पास के ग्रामीण अंचलों को भी सुलभ एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ प्राप्त होंगी। साथ ही, श्री छाबड़ा ने माँ बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति का आभार व्यक्त किया है कि ट्रस्ट ने हमेशा सामाजिक सरोकार, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाई है। ऐसे उल्लेखनीय कार्यों से डोंगरगढ़ की धार्मिक, सामाजिक एवं विकास की छवि और अधिक सशक्त होती है।



## तेंदूपत्ता संग्राहकों के सम्मान में चरण पादुका योजना का पुन : शुभारंभ

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज दुर्ग जिले के जामगांव में महिला तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका पहनाकर च्चरण पादुका योजनाज् का पुनः शुभारंभ किया गया। प्रदेश के 12 लाख 40 हजार से अधिक तेंदूपत्ता संग्राहकों को अब यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की एक और गारंटी का प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार वनवासियों और तेंदूपत्ता संग्राहक भाइयों-बहनों के जीवन स्तर को सशक्त और सुरक्षित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। चरण पादुका योजना उन परिश्रमी हाथों के प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रतीक है, जो कठिन परिस्थितियों में वनोपज संग्रहण का कार्य करते हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों का राज्य की अर्थव्यवस्था, वनोपज आधारित रोजगार और स्थानीय समृद्धि में अमूल्य योगदान है। उनकी मेहनत से ही छत्तीसगढ़ की वनोपज परंपरा जीवंत बनी हुई है और लाखों परिवारों को आजीविका का सहारा मिलता है। च्चरण पादुका योजनाज् हमारे संकल्प पत्र मोदी की गारंटी का महत्वपूर्ण वादा था, जिसे हमारी सरकार ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ पूरा किया है। यह योजना केवल चरण पादुका वितरण भर नहीं, बल्कि तेंदूपत्ता संग्राहकों के श्रम और स्वाभिमान का सम्मान है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस योजना के माध्यम से हम तेंदूपत्ता संग्राहकों के उस परिश्रम को नमन कर रहे हैं, जो जंगलों की पगडंडियों से होकर प्रदेश की समृद्धि तक पहुँचता है। सरकार उनके हर सुख-दुख में सहभागी है और उनके जीवन में गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है।



## डोंगरगढ़ की सड़कों पर बिना मानक के बने कंक्रीट ब्रेकर बने जनता के लिए मुसीबत, दर्जनों लोग हो रहे घायल



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर की सड़कों पर बिना मानक और नाप-नक्शे के बनाए गए कंक्रीट ब्रेकर इन दिनों जनता के लिए परेशानी का कारण बन गए हैं। प्रशासन की अनदेखी और लापरवाही का खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। हालत यह है कि इन ब्रेकरों की ऊंचाई और चौड़ाई तय मानकों से बाहर है, जिससे रोजाना दर्जनों लोग गिरकर घायल हो रहे हैं। दोपहिया वाहन चालकों के लिए ये ब्रेकर किसी जाल से कम नहीं हैं।

**तकनीकी जानकारों की राय - फाइबर ब्रेकर हैं बेहतर विकल्प**

विशेषज्ञों का कहना है कि सड़कों पर फाइबर या रबर मटेरियल से बने ब्रेकर ही टिकाऊ और सुरक्षित विकल्प होते हैं। ये ब्रेकर न केवल सड़क की सुंदरता बनाए रखते हैं, बल्कि मानक के अनुसार इनकी ऊंचाई व चौड़ाई भी नियंत्रित रहती है, जिससे हादसों की संभावना नगण्य होती है। वहीं कंक्रीट ब्रेकरों में अगर मानक का ध्यान न रखा जाए, तो ये जानलेवा साबित हो सकते हैं।

**जनता की अपील - तत्काल सुधार हो**

डोंगरगढ़ के नागरिकों का कहना है कि प्रशासन को इस विषय को गंभीरता से लेते हुए, बिना नाप-नक्शे के बनाए गए कंक्रीट ब्रेकरों को हटाकर फाइबर ब्रेकर लगाए जाने चाहिए। खासकर बाजार क्षेत्र, स्कूलों, अस्पतालों और मुख्य मार्गों पर मानक अनुसार सुरक्षित ब्रेकर लगाए जाने की जरूरत है।

**निगरानी और जवाबदेही जरूरी**

जनता का कहना है कि सड़क निर्माण या सुधार कार्य में नगर पालिका और संबंधित विभाग को जवाबदेह बनाया जाए। साथ ही भविष्य में कोई भी ब्रेकर लगाने से पहले मानक, नाप और तकनीकी विशेषज्ञों की राय ली जाए ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

बिना मानक के बने कंक्रीट ब्रेकर न केवल यातायात व्यवस्था को बाधित कर रहे हैं, बल्कि सीधे जनता की जान के लिए खतरा बन गए हैं। प्रशासन से मांग है कि समय रहते इन पर उचित कार्रवाई की जाए.

## श्री चैतन्य टेकनो स्कूल के खिलाफ जांच की मांग, पैरेंट्स एसोसिएशन ने लगाए गंभीर आरोप

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर में बड़े तामझाम और ब्रांडेड फ्रेंचाईजी के नाम पर शुरू हुए श्री चैतन्य टेकनो स्कूल को लेकर छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसिएशन ने गंभीर आरोप लगाए हैं। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल ने स्कूल की शिकायत जिला कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी समेत चार वरिष्ठ अधिकारियों को लिखित रूप में देकर उच्च स्तरीय जांच समिति गठित करने की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि डी-मार्ट के पास स्थित इस स्कूल में बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। पालकों को सीबीएसई पैटर्न का भ्रम देकर मोटी फीस वसूली जा रही है, जबकि स्कूल का सीबीएसई से कोई सीधा संबंध नहीं है।

**किताबें भी मान्यता के विरुद्ध**

क्रिष्टोफर पॉल ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार से राज्य बोर्ड (एससीईआरटी/सीजी बोर्ड) की मान्यता प्राप्त इस स्कूल में न तो शासन द्वारा निर्धारित निःशुल्क किताबें दी जा रही हैं, न ही राज्य बोर्ड का पाठ्यक्रम पढ़ाया जा रहा है। इसके बजाय स्कूल ने अपना खुद का पाठ्यक्रम और किताबें लागू कर रखी हैं, जो केवल स्कूल में ही उपलब्ध हैं।

**सीबीएसई के नाम पर भ्रम फैलाने का आरोप**

शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि स्कूल सीबीएसई पैटर्न के नाम पर पालकों को गुमराह कर रहा है। कई पालक यह मानकर अपने



बच्चों को स्कूल में भर्ती करा रहे हैं कि यहां सीबीएसई का सिलेबस पढ़ाया जा रहा है, जबकि हकीकत इससे कोसों दूर है।

**पालकों से की गई भारी फीस वसूली**

बड़ी बिल्डिंग, वातानुकूलित कक्षाएं और चमकदार प्रचार के सहारे स्कूल ने पालकों को आकर्षित कर भारी-भरकम फीस वसूली है। लेकिन शिक्षा की गुणवत्ता और मान्यता को लेकर गंभीर अनियमितता सामने आ रही है।

**शिक्षा विभाग से जांच की मांग**

छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसिएशन ने जिला शिक्षा अधिकारी से मांग की है कि तत्काल इस स्कूल की प्रशासनिक व शैक्षणिक जांच कराई जाए और यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो स्कूल प्रबंधन पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

**भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं**

क्रिष्टोफर पॉल ने कहा कि पालकों को झूठे सपने दिखाकर बच्चों के भविष्य से खेला जा रहा है। यह न केवल शैक्षणिक धोखा है, बल्कि पालकों की मेहनत की कमाई से भी धोखाधड़ी है। अब समय आ गया है कि शिक्षा के नाम पर व्यापार करने वालों पर कानूनी शिकंजा कसा जाए। शहर में यह मामला अब चर्चा का विषय बन गया है और शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर रहा है। अब देखना होगा कि शिक्षा विभाग इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है।

## विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल बैठक संपन्न

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल के सचिव सौरभ खंडेलवाल एवं कोषाध्यक्ष दिनेश पटेल ने बताया कि संस्कारधानी राजनांदगांव में विश्व विख्यात संत प्रातः स्मरणीय परम पूज्य सद्गुरुदेव श्री सुधांशु जी महाराज द्वारा संचालित संस्था विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल द्वारा अति आवश्यक मीटिंग संस्था अध्यक्ष प्रहलाद राय चेतवानी के निवास लालबाग में आयोजित की गई द्य मीटिंग का मुख्य उद्देश्य विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल के द्वारा आगामी सेवा कार्यों की रूपरेखा बनाई गई साथ ही आगामी 10 जुलाई को प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 1:00 तक स्थान झूलेलाल मंदिर परिसर लाल बाग में गुरु आराधना का महापर्व गुरु पूर्णिमा महोत्सव गुरु और शिष्य के महा मिलन का पर्व गुरु पूर्णिमा त्याग समर्पण सेवा गुरु चरणों में समर्पण करते हुए मनाने का निर्णय लिया गया है द्य मीटिंग में संरक्षक नंदकिशोर खंडेलवाल , अध्यक्ष प्रहलाद राय चेतावनी , सचिव सौरभ खंडेलवाल , कोषाध्यक्ष दिनेश पटेल, सदस्य महेश खंडेलवाल , भानु पटेल अरविंद ठक्कर, डीसी कोरी, जितेंद्र शर्मा एवं कनकलता शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल के सचिव सौरभ खंडेलवाल द्वारा दी गई।



## थुहाडबरी स्कूल के किरण का आवासीय खेल अकादमी में चयन हुआ

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला थुहाडबरी, की छात्रा किरण पटेल का आवासीय खेल अकादमी रायपुर में चयन, वे दो वर्षों से जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में चैंपियन रहीं थी। उनके चयन होने पर शाला परिवार ने बधाई दी है।



# राजस्व कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ ने उपमुख्यमंत्री से सौजन्य भेंट कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया

पदमराज सिंह ठाकुर

**कवर्धा ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के कबीरधाम प्रवास के दौरान कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ की जिला इकाई द्वारा तहसीलदारों एवं राजस्व अमले को फील्ड स्तर पर कार्य करते समय आने वाली व्यावहारिक समस्याओं से अवगत कराया गया। संघ द्वारा बताया गया कि सीमित कर्मचारी संसाधनों एवं तकनीकी उपकरणों की कमी जैसी चुनौतियों के बावजूद अधिकारी व कर्मचारी पूरी निष्ठा एवं तत्परता से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। संघ ने आग्रह किया कि इन जमीनी समस्याओं के निराकरण से प्रशासनिक कार्यों में अधिक पारदर्शिता, गति और गुणवत्ता लाई जा सकती है। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने अधिकारियों की सेवा भावना और प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी राजस्व प्रकरणों का त्वरित एवं नियमानुसार निराकरण किया जाना चाहिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा उठाई गई समस्याओं पर गंभीरता से विचार करते हुए शीघ्र उचित निर्णय लिया जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि शासन आमजन को त्वरित और प्रभावी सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, और इसके लिए प्रशासनिक तंत्र को हरसंभव सहयोग दिया जाएगा।



# कबीरधाम के युवाओं के लिए वरदान साबित हो रहा भोरमदेव विद्यापीठ संस्थान

पदमराज सिंह ठाकुर

**कवर्धा ( नांदगांव टाइम्स )।** कबीरधाम जिले के युवाओं के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी अब आसान और सुलभ हो गई है।



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की दूरदर्शिता और प्रतिबद्धता से शुरू हुआ भोरमदेव विद्यापीठ संस्थान युवाओं के सपनों को पंख दे रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव के मंशानुरूप सीएसआर मद और दिल्ली की प्रतिष्ठित आईएएस एकेडमी के सहयोग से संचालित इस संस्थान में 200 प्रतिभाशाली युवाओं (100 पीएससी एवं 100 व्यापम अभ्यर्थी) को नि:शुल्क कोचिंग प्रदान की जा रही है।

# वनांचल क्षेत्र के लिए वरदान साबित हुआ प्रधानमंत्री सूर्य घर बिजली मुक्त योजना

**मोहला ( नांदगांव टाइम्स )।** वनांचल क्षेत्र के लिए बिजली से घर रोशन होना एक चमत्कार से कम नहीं है। पूरी दुनिया आज जहां बिजली से जगमगा रही है, वहीं वनांचल क्षेत्र के लिए बिजली से घर रोशन होना एक सपने जैसा प्रतीत होता है। वनाच्छादित क्षेत्र के लिए बिजली पहुंचाना आसान नहीं होता है, पहुँचविहीन रास्ते एक बड़ी चुनौती होता है। ऐसे में वनांचल क्षेत्र मानपुर के लिए प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना सपने को साकार कर रहा है। मानपुर के श्री ओम सिंह राजपूत के लिए उनके घर में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना ने उनके जीवन में उजाला लाने का काम किया है। श्री ओम सिंह राजपूत ने बताया कि योजना की जानकारी होने पर उन्होंने विद्युत विभाग से संपर्क कर अपने घर में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना अंतर्गत 3 किलो वाट का कनेक्शन लिया है। इससे उनके पूरे घर रोशन होने के साथ ही अंधेरे की गुलामी से निजात दिलाने में मददगार साबित हुआ है। उन्होंने बताया कि हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली उपलब्ध हो रहा है। योजना के तहत, 3 किलोवाट के लिए उन्हें 40त्न सब्सिडी मिला है। उन्होंने आगे बताया कि सालाना उन्हें लगभग 15000 की बचत हुई है। उन्होंने इस अति महत्वाकांक्षी योजना के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार प्रकट किया है।



## सप्ताह के सितारे (30 जून 2025)

## दैनिक शुभ राशि

| | | |
|---|---|---|
| सोम | 2- 4 - 7 - 9 | 24-42-49-94-29-92 |
| मंगल | 4 - 5 - 8- 0 | 10-01-80-08-33-88 |
| बुध | 1 - 3 - 9 - 0 | 19-91-10-01-90-09 |
| गुरू | 2 - 5 - 7 - 8 | 17-71-25-52-48-84 |
| शुक्र | 3 - 4 - 7 - 8 | 14-41-47-74-40-04 |
| शनि | 3 - 7 - 9- 0 | 79-97-70-07-37-73 |

अंकों का बादशाह -7 सप्ताह में अचूक 3 - 5 - 6 - 8

सप्ताह का वरदान -9 स्पेशल - 34- 77 -69 -68

सप्ताह में देखे

(1) 13 - 15 - 16 - 18 (6) 63 - 65 - 66- 68
(2) 23 - 25 - 26 - 28 (7) 73 - 75 - 76 - 78
(3) 33 - 35 - 36 - 38 (8) 83 - 85 - 86 - 88
(4) 43 - 45 - 46 - 48 (9) 93 - 95 - 96 - 98
(5) 53 - 55 - 56 - 58 (10) 03 - 05 - 06 - 08

बीते पांच सप्ताह के रिकार्ड

| (कल्याण) | (नाइट बाजार) |
|---|---|
| 30-61-16-8-65-38 | 08-74-08-86-37 |
| 34-62-21-02-23-24 | 76-14-10-13-21 |
| 11-89-40-76-44-75 | 89-87-16-47-46 |
| 07-42-48-33-72-34 | 07-10-52-60-13 |
| 53-81-81-48-31-64 | 41-45-18-29-04 |

चेतावनी- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक का कोई जवाबदारी नहीं होगी।

संपादक

# ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद् की बैठक में बनी धर्म एवं समाज हित के कार्यों सहित संगठन विस्तार की योजना



**खैरागढ़-छुईखदान-गंडई ( नांदगांव टाइम्स )।** समग्र ब्राह्मण परिषद् छत्तीसगढ़ की खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला मातृशक्ति परिषद् ईकाई की बैठक आज रविवार को छुईखदान के ब्राह्मण पारा स्थित श्रीमती डॉली तिवारी के निज निवास में संपन्न हुई.

बैठक के विषय में जानकारी प्रदान करते हुए जिला ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद् की जिलाध्यक्ष श्रीमती डाली तिवारी एवं जिला सचिव श्रीमती स्वाति शर्मा ने बताया कि आज दुर्ग संभाग के अंतर्गत खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला एवं आसय के विभिन्न क्षेत्रों में संगठन विस्तार एवं आगामी आयोजन के विषय में चर्चा हुई. बैठक को संबोधित करते हुये संगठन के प्रदेश संयोजक पं.रामानुज तिवारी ने कहा कि सामाजिक संगठन में सहयोगी के रुप में हम सभी का मुख्य उद्देश्य दिखास या छपास की बजाय नि:स्वार्थ भाव से संगठनात्मक कार्यों में सेवा प्रदान करने का होना चाहिए. इस अवसर पर उपस्थित संगठन के प्रदेश संयुक्त सचिव पं.सचिव तिवारी ने कहा कि हमारी संगठनात्मक कार्यशैली से सामाजिक स्वजनों का प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होना ही सामाजिक कार्यों में हमारे समर्पण को प्रदर्शित करता है अत: समग्र ब्राह्मण परिषद् छत्तीसगढ़ परिवार के अभिन्न अंग होने के नाते हम सभी को आपसी सामंजस्य बनाये रखते हुए वैचारिक रूप से एक होना आवश्यक है. संगठन की रायपुर शहर संयोजक श्रीमती कालिंदी उपाध्याय एवं रायपुर जिला संगठन विस्तार प्रमुख श्रीमती संध्या उपाध्याय ने संगठन की खैरागढ़-छुईखदान-गंडई ईकाई की सभी बहनों की सक्रियता की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी सहयोगी बहनों के सहयोग से लगातार पर्यावरण संरक्षण, सनातन धर्म एवं समाज हित के विभिन्न संगठनात्मक उद्देश्यों को पूरा करने का सतत् प्रयास किया जा रहा है, जो कि संपूर्ण संगठन परिवार के लिये अनुकरणीय है. संगठन के प्रदेश पदाधिकारियों एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई की सहयोगी बहनों द्वारा आज प्रदेश स्तरीय प्रकृति श्रृंगार अभियान के अंतर्गत छुईखदान स्थित बघरमपाठ के श्री वैष्णो माता मंदिर में पूजा आरती की गई तत्पश्चात मंदिर परिसर में पुष्प के पौधों का पौधारोपण किया गया. बघरमपाठ के संबंध में प्राचीनकाल से प्रसिद्ध है कि इस स्थान में छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न जगहों की मिट्टी को इस स्थान पर लाकर माता वैष्णो की मूर्ति बनाई गयी, जिसे 12 विद्वान ?पुरोहितों द्वारा अनुष्ठान द्वारा सिद्ध कर स्थापित किया गया था. बैठक में सनातन धर्म एवं समाज हित सहित आगामी सावन माह में प्रस्तावित आयोजनों के विषय में भी चर्चा हुई. संगठन के प्रदेशाध्यक्ष डा.भावेश शुक्ला पराशर ने बैठक में श्रीमती प्रेमलता तिवारी एवं श्रीमती रोहिणी शर्मा को खैरागढ़-छुईखदान-गंडई की मुख्य एवं युवा परिषद् की कार्यकारिणी गठन करने की जिम्मेदारी सौंपी तथा श्रीमती नुपूर तिवारी को दुर्ग संभाग के संभाग मिडिया प्रभारी के रुप नियुक्त किया. इस अवसर श्रीमती विमला शर्मा, श्रीमती शैल शर्मा, श्रीमती सरिता शर्मा, श्रीमती श्यामा तिवारी, श्रीमती श्रद्धा तिवारी, श्रीमती शैल त्रिपाठी, श्रीमती अंजू पांडेय, श्रीमती श्रद्धा दुबे, श्रीमती सीमा मिश्रा, श्रीमती अर्चना दुबे, श्रीमती अंजू तिवारी, श्रीमती रुपा उपाध्याय, श्रीमती आरती तिवारी, श्रीमती मोना चौबे, श्रीमती कीर्तिका तिवारी, पं.वैदिक तिवारी, पं.मुकेश तिवारी, पं.राजकुमार शर्मा, पं.विनय तिवारी, पं.सुरेन्द्र तिवारी सहित खैरागढ़-छुईखदान-गंडई छुईखदान जिला निवासी अनेक संगठन सहयोगी उपस्थित थे.

# युगांतर की हर पल की मेमोरी अनुपम है-नवीन गोयल

## युगांतर में 29 वे स्थापना दिवस का शानदार आयोजन



**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** शिक्षा, खेल, संस्कृति के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल का 29 वां स्थापना दिवस समारोह विद्यालय के भूतपूर्व विद्यार्थी सम्मानित बिजनेसमैन अंकित बाफ्ना, नवीन गोयल तथा मनोरोग विशेषज्ञ डॉ सुचिता गोयल के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विशेष अतिथि नवीन गोयल ने कहा कि युगांतर की हर पल की मेमोरी अनुपम है। विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के भविष्य गढ़ने का अद्वितीय कार्य हो रहा है। हमें भी विद्यार्थी जीवन ऐसा लगता था कि शिक्षक-शिक्षिकाएं गलतियों पर डांटते-फटकारते क्यों है, जब हम उच्च मुकाम में पहुँच गए तो अब ऐसा लगता है कि उच्च लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए यह भी ज़रूरी था। विशेष अतिथि डॉ सुचिता गोयल ने कहा कि युगांतर की यादें हमारा अनमोल धन है। आगे उन्होंने शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य की महत्ता को भी प्रतिपादित किया।विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि युगांतर की विकास की यात्रा अविस्मरणीय रही है। राजनांदगाँव को संस्कारधानी कहा जाता है। इस दिशा में विद्यालय की संस्कारयुक्त शिक्षा ने भी महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। एक समय ऐसा भी रहा कि राजनांदगाँव की पहचान युगांतर से होने लगी थी। इसी तारतम्य में विद्यालय के निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी ने कहा कि विद्यालय का फाउन्डेशन डे हमारी जड़ों की याद दिलाता है। विद्यालय की विकास यात्रा में निदेशक साथियों के साथ-साथ टीचिंग और नान टीचिंग स्टॉफ का अमूल्य योगदान रहा है। हमारे जो विद्यार्थी उच्च मुकाम में पहुँच चुके हैं, वह हमारी स्थायी संपत्ति है। यह भी हमारे विद्यालय के स्थापना दिवस को अविस्मरणीय बनाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सुख सुविधाओं से परिपूर्ण जीवन की अपेक्षा संघर्ष पूर्ण जीवन अपनाने की प्रेरणा दी। आगे उन्होंने युगांतर के पूर्व निदेशक स्वर्गीय गौतम भंसाली, स्वर्गीय संजय गुप्ता और स्वर्गीय एन एल गंडेचा की कर्मठता और कार्य कुशलता को भी याद किया। इसी कड़ी में विद्यालय में दस वर्ष पूर्ण करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा कर्मचारियों का सम्मान भी हुआ, जिसमें टीचिंग स्टॉफ से प्रियंका कपूर, निमिषा प्रिविन तथा नान टीचिंग स्टाफ से पुष्पा रायपुरिया, गीता साहू, बबीता टंडन,तारामती सतनामी, प्राची हेडेव, आशा हेडेव, सुरेश अंबलेकर प्रमुख रहे। समारोह की शुरूआत माता सरस्वती की पूजा अर्चना से हुई। तत्पश्चात् गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया गया। विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर उनका अभिवादन किया। इसी तारतम्य में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रभावशाली आयोजन ने दाँतों तले उंगली दबाने के लिए मज़बूर कर दिया। विद्यार्थियों ने सामूहिक नृत्य और गीत को प्रभावकारी ढंग से प्रस्तुत किया। पंजाबी लोकनृत्य में विद्यार्थियों ने अपनी नृत्य कला का जौहर दिखाया। विद्यार्थियों तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अलग-अलग सामूहिक गीत प्रस्तुत कर खूब वाहवाही बटोरी। राष्ट्रीय स्तर पर कथक नृत्य में प्रख्यात रही छात्रा प्रसिद्धि सिंहा के नृत्य ने भी खूब तालियाँ बटोरी । विद्यार्थियों से सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे गए। विद्यालय के निदेशकों और उनके परिवार की बचपन की तस्वीर दिखाकर उनको पहचानने का टॉस्क दिया गया। इसी तरह उन्हें धुन सुनाकर गीत गाने का गेम भी खिलाया गया । इसी कड़ी में विद्यालय के प्राचार्य ने स्टूडेंट कौन्सिल तथा सत्यम, शिवम, सुन्दरम , मधुरम हाउस के पदाधिकारियों की घोषणा की। समारोह के अन्त में केक कटिंग सेरेमनी हुई । समारोह में विद्यालय के वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा , निदेशक विनोद सदानी, पारस अग्रवाल, नरेंद्र कोटड़िया, राजकुमार अग्रवाल तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापित करते हुए हैड मिस्ट्रेस विनीता तिलवानी ने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने में संगीत, नृत्य, कला, खेल विभाग के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ-साथ कक्षा शिक्षक और विषय शिक्षक-शिक्षिकाओं का भी अमूल्य योगदान रहा। समारोह की समाप्ति राष्ट्र-गान से हुई।

# महाराष्ट्रियन स्वर्णकार समाज ने सामाजिक भवन के लिए भूमि आबंटन के लिए सौंपा ज्ञापन.

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** 29 जून शनिवार को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के माँ बम्लेश्वरी धर्मार्थ चिकत्सालय में डायग्नोस्टिक सेंटर के शुभारम्भ कार्यक्रम में पहुंचे हुए अतिथियो को महाराष्ट्रियन स्वर्णकार समाज डोंगरगढ की ओर से दीघार्यु कामना करते हुऐ सामाजिक सामुदायिक भवन के लिए भूमि आबंटन के लिए ज्ञापन सौंपा गया है. ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि हमारे समाज में लगभग 30 से 35 घरो के स्वजातिय बंधु डोंगरगढ एवं आस-पास के गांवो में निवास करते है। डोंगरगढ़ में महाराष्टीयन स्वर्णकार समाज का वर्तमान में एक भी सामुदायिक भवन नहीं बना है जिसके कारण हम स्वजातिय बंधुओं को अपने बच्चो के शादी सगाई एवं सामाजिक-धार्मिक कार्यक्रम कराने में बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हम स्वजातिय बंधुओं को दुसरे समाज के भवन को किराया पर लेकर हम स्वजातिय बंधुगणो को कार्यकम करवाना पड़ता है जिससे हम स्वाजातिय बंधुओं को आर्थिक समस्या से जुझना पड़ता है। यदि आपके द्वारा हम महाराष्ट्रियन स्वर्णकार समाज डोंगरगढ़ को रिक्त भूमि प्रदान की जाती है तो हम स्वजाति बंधुओं के लिऐ बहुत ही अच्छा होगा। जिससे हम अपने समाज का कार्यकम करवा सकते है। निवेदन किया गया है कि महाराष्ट्रियन स्वर्णकार समाज ढोंगरगढ को रिक्त भूमि आबंटित किया जाए. इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सोनी, नरेश बहेकर, सुरेश बहेकर सहित स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे.



# छत्तीसगढ़ राज्य वित्त सेवा अधिकारी संघ का वार्षिक आमसभा एवं स्नेह सम्मेलन संपन्न



**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ राज्य वित्त सेवा अधिकारी संघ द्वारा राजधानी रायपुर स्थित कन्वेंशन हॉल, न्यू सर्किट हाउस, सिविल लाइंस में वार्षिक आमसभा एवं स्नेह सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के वित्त, वाणिज्यिक कर एवं आवास पर्यावरण मंत्री श्री ओ पी चौधरी शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं राज्य के पूर्व प्रमुख सचिव श्री आर एस विश्वकर्मा ने की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में वित्त विभाग की विशेष सचिव श्रीमती शीतल शाश्वत वर्मा, विशेष सचिव श्री चंदन कुमार और कोष एवं लेखा संचालक श्री रितेश अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में मंचासीन अतिथियों द्वारा सेवानिवृत्त वित्त अधिकारियों का सम्मान शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। इसके पश्चात वित्त मंत्री श्री चौधरी ने संघ की स्मारिका च्वसुनिधिज्ज् के द्वितीय संस्करण का विमोचन किया और संघ की नव निर्मित वेबसाइट का औपचारिक उद्घाटन किया। अपने उद्बोधन में श्री चौधरी ने कहा, च्च्राज्य वित्त सेवा के अधिकारी छत्तीसगढ़ के वित्तीय अनुशासन और प्रबंधन में एक मजबूत स्तंभ की भूमिका निभा रहे हैं। उनके कार्यों में पारदर्शिता और निष्ठा अनुकरणीय है।ज्ज् उन्होंने संघ की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार का आश्वासन भी दिया। संघ की अध्यक्ष डॉ. अल्पना घोष ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए आमसभा का संचालन किया और विभिन्न प्रस्तावों को सदन के समक्ष रखा, जिन्हें सर्वसम्मति से पारित किया गया। कोषाध्यक्ष श्री अनिल पाठक ने आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में सेवानिवृत्त अधिकारियों के व्याख्यानों के साथ-साथ संघ के सदस्यों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई। अंत में संघ के सचिव श्री सचिन शर्मा ने सभी अतिथियों और सदस्यों के प्रति आभार प्रकट करते हुए सम्मेलन के समापन की घोषणा की। यह आयोजन न केवल संगठनात्मक मजबूती का प्रतीक बना, बल्कि अधिकारियों के आपसी स्नेह और संवाद का भी सशक्त मंच सिद्ध हुआ।

# भेड़ीकला, बोरी, गठुला में जल कलश यात्रा निकाल कर किया गया जागरूक

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 28 जुन शनिवार को ग्राम भेड़ीकला और बोरी पंचायत में कलश जल यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पद्मश्री फूलबासन यादव के पहल से जल संरक्षण के संबंध में रखा गया जिसमें वर्तमान में भू जल स्तर बहुत अधिक नीचे चले जाने के कारण राजनांदगांव जिला सेमी क्रिटिकल जोन में पहुंच गया है, भविष्य में होने वाली समस्याओं से निपटाने हेतु जल संरक्षण पर कार्य करने की आवश्यकता है, जल संरक्षण के इस संदेश को जन जन तक पहुंचाने के लिए यह कार्यकम कलश जल यात्रा का आयोजन रखा गया था।कार्यक्रम में मुख्य रूप से पद्मश्री फूलबासन यादव , श्रीमती जनिया अध्यक्ष महिला समूह डोंगरगांव, जनपद पंचायत सभापति पूर्णिमा साहू , सरपंच बिसंतीन नेताम , चंद्रिका देवांगन पंच, सुश्री संगीता देवांगन पंच, समूह की अध्यक्ष यामिनी सेन , लोकेश्वरी देवांगन , सचिव, रोजगार सहायक, नीलकमल नेताम, जितेंद्र देवांगन ग्राम बोरी के सरपंच श्री जीवन लाल साहू उप सरपंच टीपी मिश्रा गठुला सरपंच चित्ररेखा ठाकुर उपसरपंच सुखीराम साहू एवं अन्य ग्रामीण महिलाएं शामिल थी।


## न्यायालय कलेक्टर एवं भू-अर्जन अधिकारी जिला- कबीरधाम(छ.ग.)

क्रमांक 738/भू-अर्जन/2025 कबीरधाम दिनांक 27.06.2025

(प्रारूप-क)

राज्य शासन के विभाग/उपक्रम/संस्था- परियोजना प्रबंधक (सिंचाई परियोजना) छत्तीसगढ़ कार्यालय कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग कवर्धा जिला कबीरधाम छ.ग. विभाग के द्वारा जल्दा जलाशय योजना अंतर्गत जलाशय निर्माण कार्य/डूबान क्षेत्र हेतु ग्राम रूसे (पूरक प्रकरण) प.ह.नं. 2 रा.नि.मं. मोहगांव तहसील कुण्डा जिला कबीरधाम छ.ग. के प्रभावित किसानों की निजी भूमि को सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता होने से राज्य शासन उपक्रम/संस्था निम्नांकित कृषक की निजी भूमि आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 2016 के तहत भू-अर्जन करना चाहता है:-

| क्रमांक | तहसील | नगर/ग्राम | सरल क्रमांक | कृषक का नाम एवं पिता/पति का नाम | जाति | खसरा नम्बर | क्रय करने हेतु प्रस्तावित अर्जित रकबा | | | भूमि का किस्म | स्थावर परि सम्पत्तियों का विवरण | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | एकड | हेक्टे. | वर्गमीटर | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1 | कुण्डा | रूसे | 1 | कृष्णा, भारती, आरती पिता पंचम, परेटन पति पंचम, हजारी, ईश्वरी, रामकंवल पिता श्यामलाल, जाति सतनामी, सा0देह | अ.ज. | 622/2 | 0.55 | 0.223 | 0 | सिंचित | - | जलाशय निर्माण कार्य/डूबान क्षेत्र हेतु |
| योग- | | | | | | 1 | 0.55 | 0.223 | | | - | |

यदि किसी व्यक्ति को भूमि के स्वत्व के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर आपत्ति के आधार सहित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्रस्तुत दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

(गोपाल वर्मा)
कलेक्टर एवं भू-अर्जन अधिकारी
जिला-कबीरधाम

जी - 252601804/1

## ज्ञान मंथन

*1) हाल ही में हरिकेन ऑस्कर ने किस देश को प्रभावित किया है?*
*2) कोरोवाई जनजाति मुख्य रूप से किस देश में निवास करती है?*
*3) टर्टल वाइल्डलाइफ सेंचुरी उत्तर प्रदेश के किस जिले में स्थित है?*
*4) हाल ही में सागर कवच अभ्यास कहां आयोजित किया गया था?*
*5) 34वां व्यास सम्मान 2024 किसे प्रदान किया गया है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) क्यूबा और बहामास (2) इंडोनेशिया (3) वाराणसी (4) गुजरात और दमन और दीव (5) सूर्यबाला

# कृषि केंद्रों में मूल्य सूची प्रदर्शित करना अनिवार्य, दो कृषि सेवा केंद्रों को नोटिस

**बलौदाबाजार( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश के परिपालन में कृषि विभाग द्वारा जिले में उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक के गुणवत्ता नियंत्रण हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कृषि आदान विक्रय करने वाले कृषि केंद्रों की कड़ी निगरानी की जा रही है। जिले में पदस्थ निरीक्षक एक-एक कृषि केंद्रों का गहन जांच कर रहे हैं। कृषि केन्द्रों में किसानों को गुणवत्तायुक्त सामग्री उपलब्ध कराने के लिए विक्रय केंद्रों में उपलब्ध स्कंध एवं मूल्य सूची प्रदर्शित करना अनिवार्य किया गया है। विकासखंड पलारी के निरीक्षक सूचिन कुमार वर्मा द्वारा ग्राम ओड़ान में संचालित अनिल कृषि सेवा केंद्र का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान विक्रय में उपलब्ध कीटनाशक स्कंध एवं उसकी मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं की गई थी जिससे उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। विकासखंड बलौदा बाजार के निरीक्षक लोकनाथ दीवान द्वारा साहू कृषि केंद्र मोहतरा, का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान उर्वरक विक्रय केंद्र में उपलब्ध उर्वरक स्कंध एवं उसका निर्धारित मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं किया गया था जिससे उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसी प्रकार विकासखंड भाटापारा के विनय इंटरप्राइजेज का भी निरीक्षण किया गया तथा उन्हें शासन द्वारा जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए विक्रय केंद्र संचालन करने हेतु निर्देश दिए गए। उपसंचालक कृषि दीपक कुमार नायक द्वारा कृषि आदान विक्रय केंद्रों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि कृषि केंद्रों के संचालन में शासन द्वारा जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए तथा विक्रय केंद्रों में उपलब्ध उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक स्कंध एवं उसका मूल्य सूची केंद्र के बाहर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करें, जिससे वहां आने वाले किसानों को इसकी जानकारी प्राप्त हो सके। कृषि विभाग के मैदानी अमलो को भी कृषि केंद्रों का निगरानी करने तथा किसी प्रकार की अनियमितता की जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया है।



# मध्य रेलवे नागपुर मंडल के ट्रेन टिकट निरीक्षक के. के. होटा द्वारा निरीक्षण किया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** दिनांक 28/06/2025 को ट्रेन संख्या 20845 बिकानेर एक्सप्रेस में कार्यरत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के ट्रेन टिकट निरीक्षक श्री के. के. होटा द्वारा एक अत्यंत सराहनीय एवं सतर्कतापूर्ण कार्य किया गया।

बिलासपुर से प्रस्थान के बाद, चेकिंग के दौरान जब वह AC 2 Tier कोच में A/01साइड लोअर बर्थ के पास पहुँचे, तो उन्होंने वहाँ दो नाबालिग लड़कियों को बैठा पाया। उसी समय एक संदिग्ध युवक पास में खड़ा था, जोकि निरीक्षण टीम को देख कर तुरंत भाग गया। श्री होटा जी ने जब दोनों लड़कियों से जानकारी ली तो ज्ञात हुआ कि वे मात्र 13 और 14 वर्ष की हैं, और एक अज्ञात युवक उन्हें बहला-फुसलाकर कहीं ले जा रहा था। उन्होंने तुरंत ही कमर्शियल कंट्रोल रूम को सूचना दी और साथ ही ऋक्कस्न को भी फोन कर मामले की गंभीरता बताई। उनकी तत्परता के चलते, रायपुर स्टेशन पर लड़कियों को लेडी RPF स्टाफ के सुपुर्द किया गया। श्री होटा जी ने न केवल समय पर कार्रवाई की, बल्कि लड़कियों को समझाते हुए उन्हें अपने उज्जवल भविष्य की ओर प्रेरित किया। उनका यह कार्य न केवल एक साहसिक पहल है, बल्कि TTE स्टॉफ के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने रेलवे की सतर्कता, संवेदनशीलता और मानवीयता की मिसाल पेश की है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री दिलीप सिंह ने श्री के. के. होटा जी के इस सराहनीय कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका यह साहसिक एवं संवेदनशील कार्य न केवल रेलवे की छवि को गौरवान्वित करता है, बल्कि अन्य कर्मचारियों के लिए भी एक प्रेरणास्त्रोत है। ऐसी सतर्कता और मानवीयता हमारे विभाग की सेवा भावना को दर्शाती है और हम सभी को अपने कर्तव्यों के प्रति और अधिक सजग होने के लिए प्रेरित करती

## दीपक देशमुख को भाजपा मंडल का मीडिया संयोजक बनाए जाने पत्रकार संघ ने दी शुभकामनाएं

**छुईखदान ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष श्री किरण सिंह देव जी के निर्देशानुसार एवं मंडल भाजपा अध्यक्ष श्री भावेश कोचर के अनुशंसा से श्री दीपक देशमुख को छुईखदान भाजपा मंडल का मीडिया संयोजक बनाए जाने पर छुईखदान पत्रकार संघ की ओर से पत्रकार साथी श्री अनिल यादव जी,संजय शर्मा जी, सज्जाक खान, दीपक जैन, निलम वैष्णव ,सुदीप श्रीवास्तव, विक्रम ठाकुर ,देवेश सोनी, करणपाल ,महेंद्र सिंह ठाकुर, राजू यादव ने बधाई और शुभकामनाएं दी है।



## कल्याणी इस्पात कम्पनी कोपेडीह ने पाईप लाइन बिछाने सड़क किनारे को खोदा, सड़क पर हुई दलदल, गाड़िया फंसी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले के अंतिम छोर दुर्ग जिले से लगा ग्राम कोपेडीह से जोरातरई, अंजोरा मार्ग पर पूरी तरह दलदल हो



चुका है. स्थिति यह है कि ग्राम वासियों को उक्त सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। क्षेत्रीय जनपद सदस्य मोहनीश धनकर ने बताया कि कोपेडीह, जोरातरई,अंजोरा के ग्रामीणों को आवागमन में अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है श्री धनकर ने आगे कहा कि कल्याणी इस्पात कंपनी द्वारा पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़क के किनारे को खोद दिया गया था और उस पर वापस पाटा नहीं गया है जिसके कारण सड़क की दोनों ओर गाड़ियों की लंबी लाइन लग चुकी है और सड़क पूरी तरह से जाम है और सड़क पर बड़े गाड़ियों की लंबी लाइन लग चुकी है। औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण वाहनों का आवागमन होता रहता है।

**दलदल हुई सड़क पर राहगीर हुए परेशान ग्रामीणों में आक्रोश**

कोपेडीह, जोरातरई मार्ग पर हुई दलदल से राहगीर परेशान है और ग्रामीणों में भारी आक्रोश पनप रहा है औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण हजारों की संख्या में मजदूर इसी मार्ग से फैक्ट्री कंपनी में कार्य के लिए इसी मार्ग से आवागमन करते हैं सड़क से गुजरने वाली दोपहिया वाहन चालक तो अक्सर दुर्घटना का शिकार होकर चोटिल होते रहते हैं ग्रामीणों ने यह भी बताया की बारिश होने पर कीचड़ की वजह से यहा से निकलना मुश्किल हो गया है।

## सर्व शैक्षिक संगठन साँझा मंच छत्तीसगढ़ का प्रांतीय निर्णय अनुसार आगामी 01-07-2025 को आंदोलन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** वर्तमान मे 23 शिक्षक संगठनों का सर्व शैक्षिक साँझा मंच छत्तीसगढ़ द्वारा युक्तियुक्तकरण की व्यापक विसंगति व भर्रासाही को उजागर करते हुवे पोल- खोल थीम पर जिला स्तरीय व संभाग स्तरीय आंदोलन कर ज्ञापन दिया जा चुका है इसी कड़ी में जिला संचालक विष्णु शर्मा, छन्नू साहू, रमेश साहू, सुशील नारायण शर्मा ने बताया कि आगामी 01-जुलाई-2025 को अपने चार सूत्रीय मांगो को लेकर 146 विकास खण्ड मुख्यालय मे धरना, रैली प्रदर्शन करते हुए अनुविभागीय अधिकारी/ तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, सचिव स्कूल शिक्षा, संचालक लोक शिक्षण संचालनालय को ज्ञापन सौपा जाएगा *1. प्रदेश भर में युक्तियुक्तकरण 2025 की दोषपूर्ण नीति को स्थगित (निरस्त)/संशोधित कर सेटअप 2008 के अनुसार युक्तियुक्तकरण किया जावे तथा राज्य के कोई भी विद्यालय बंद न किया जाये* *2. कर्मोन्नत वेतनमान :- सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट के निर्देश के बाद श्रीमती सोना साहू (शिक्षक पंचायत/ शिक्षक एल बी को पंचायत व शिक्षा विभाग का पूर्व सेवा अवधि की गणना कर कर्मोन्नत वेतन भुगतान किया गया है ।

## योगासन स्पोर्ट्स जिला स्तरीय प्रतियोगिता 01 जुलाई को

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला राजनांदगांव योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आगामी दिनांक 01 जुलाई, मंगलवार को स्थानीय गायत्री स्कूल में योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता आयोजित की गई है। जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हेमंत तिवारी ने बताया कि योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता सुबह 9:00 बजे गायत्री स्कूल में दीप प्रज्वलन कर प्रारंभ किया जाएगा। जिसमें राजनांदगांव जिले के लगभग 150 खिलाड़ी बालक, बालिकाएं एवं 50 टैक्निकल टीम के रैफरी व जज भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि चार विधाओं में आयोजित योगासन के खेल इस ओपन चैम्पियन में होंगें। इसमें से चयनित खिलाड़ी संभाग, राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग अपनी योग्यता के आधार पर चयनित होकर भाग लेंगे। जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव लक्ष्मण लोहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ 01 जुलाई मंगलवार सुबह 09 बजे होगा। योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता हेतु जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल से मिल एक निवेदन पत्र दिया गया कि इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता में जिले के सभी स्कूल के खिलाड़ी भाग लें। प्रतियोगिता के प्रभारी राकेश ठाकुर ने बताया प्रतियोगिता की सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है, इस संबंध में एक बैठक में राकेश ठाकुर, लक्ष्मण लोहिया, शैलेंद्र तिवारी, अम्लेंदु हाज़रा, प्रतिक चोपड़ा, शशि जानी एवम् हेमंत तिवारी शामिल हुए। योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने खेल से जुड़े लोगों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें।

# नगर के 30 सरकारी कुंओ को संरक्षित करने के लिए कुंआ बचाओ अभियान का मुहिम छेड़कर जन जागरूकता किया जा रहा है

घनश्याम साव,

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर में लगभग 30 सरकारी कुंआ है जिसे सही ढंग रख रखाव न होने के वजह से अपने अस्तित्व खो रहा है जबकि कुंआ हमारे पुराने धरोहर है व बारिश के पानी संरक्षण के लिए कुंआ एक बहुत बड़ा योगदान होता है ऐसे धरोहर को बचाएं रखने के लिए विशेष जन-जागरूकता अभियान भोज साहू पर्यावरण प्रेमी व इंदू साहू समाजसेवी के द्वारा चलाया जा रहा जिसमें मोहल्ले के नागरिकों को एकजुट कर प्रत्येक सप्ताह में एक एक कुंआ को चयन कर उस मोहल्ले के वार्ड पार्षद व मोहल्ले वासियों के सहयोग से कुंआ बचाओ जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसमे शाम के समय एकत्रित हो कर कुंआ में दीपदान करते हुए पानी बचाओ अभियान के तहत तख्ती लेकर जल ही जीवन है जल है तो कल है व कुंआ बचाओ अभियान के पोस्टर लेकर जागरूक किया साथ ही आम जनों से अपील किया गया कि कुंआ के आसपास कुड़ा कड़कट न फेंकें व हम सभी की जिम्मेदारी है कुंआ संरक्षित करना हम सबका जिम्मेदारी है।



भोज साहू पर्यावरण प्रेमी ने इस कुंआ बचाओ अभियान के बारे में बताया कि डोंगरगांव में लगभग 30 सरकारी कुंआ है जिसे मुहिम के माध्यम से卐कुआं बचाओ अभियान卐 के तहत, जल संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में, कुओं की साफ सफाई और जीर्णोद्धार करने के लिए आम लोगों को अपील कर रहे हैं जिससे बारिश का पानी कुंआ में जायेगा और वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम से जल स्त्रोत में वृध्दि होगी।उक्त कार्यक्रम में वार्ड पार्षद निर्मला मालेकर, पार्षद प्रतिनिधि हरि मालेकर, गायत्री परिवार से जय प्रकाश सिन्हा,रिसभदेव सिन्हा , शुभ मुटकुरे, घनश्याम साव अध्यक्ष श्रमजीवी पत्रकार संघ ब्लाक इकाई डोंगरगांव,सरिता यादव मंजु सोनी, नारायण सोनी,हंसराज राजपूत, रिंकू दुबे, खेमराज लहरें ,रेशमा कंडरा सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

## धर्म समाचार....

# कब है देवशयनी एकादशी? अभी नोट करें डेट और व्रत पारण का समय




वैदिक पंचांग के अनुसार आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी से चातुर्मास की शुरुआत होती है। इस दौरान शुभ और मांगलिक काम करने की मनाही है। चातुर्मास के पहले दिन देवशयनी एकादशी मनाई जाती है। इस व्रत को करने से साधक को शुभ फल की प्राप्ति होती है। सनातन धर्म में आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को अधिक महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दिन भक्त जगत के पालनहार भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना करते हैं। साथ ही विशेष चीजों का दान करते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार, देवशयनी एकादशी से भगवान विष्णु अगले चार महीने तक क्षीर सागर में विश्राम करने चले जाते हैं, जिसकी वजह से इस अवधि के दौरान शुभ और मांगलिक काम नहीं किए जाते हैं। ऐसे में आइए जानते हैं कि देवशयनी एकादशी

की डेट और व्रत पारण के समय के बारे में।

**देवशयनी एकादशी 2025 डेट और शुभ मुहूर्त**

वैदिक पंचांग के अनुसार, आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि की शुरुआत 05 जुलाई को शाम 06 बजकर 58 मिनट पर होगी। वहीं, इस तिथि का समापन 06 जुलाई को शाम 09 बजकर 14 मिनट पर होगा। ऐसे में 06 जुलाई को देवशयनी एकादशी व्रत किया जाएगा।

**देवशयनी एकादशी 2025 व्रत पारण टाइम**

एकादशी व्रत का पारण अगले दिन यानी द्वादशी तिथि पर करना चाहिए। इस बार देवशयनी एकादशी व्रत का पारण 07 जुलाई को किया जाएग। इस दिन व्रत का पारण करने का शुभ मुहूर्त सुबह 05 बजकर 29 मिनट से लेकर 08 बजकर 16 मिनट तक है। इस दौरान किसी भी समय व्रत का पारण किया जा सकता है।

**देवशयनी एकादशी के दिन इन बातों का रखें ध्यान**

देवशयनी एकादशी के दिन तुलसी के पत्ते नहीं तोड़ने चाहिए। ऐसा माना जाता है कि इस गलती को करने से मां लक्ष्मी नाराज हो सकती हैं। इसके अलावा एकादशी के दिन काले रंग के कपड़े न पहनें। घर की सफाई का खास ध्यान रखें। किसी के बारे में गलत न सोचें।

## 4 से लेकर 6 मूलांक वाले दिखावे से ज्यादा चुनें सच्चाई

30 जून से लेकर 06 जुलाई तक का यह सप्ताह भावनात्मक उपचार जीवन का रीसेट और शक्तिशाली आत्म परिवर्तन लेकर आएगा। हालांकि कुछ बातों का ध्यान रखना होगा। ऐसे में चलिए ऐस्ट्रॉलजर भानुप्रिया मिश्रा जी से जानते हैं साप्ताहिक अंकज्योतिष राशिफल। 30 जून से लेकर 06 जुलाई, 2025 तक का यह सप्ताह मूलांक 4 से लेकर 6 तक के लिए कई मायनों में शानदार रहने वाला है। ऐसे में चलिए इस आर्टिकल में इन मूलांक वालों का साप्ताहिक अंक ज्योतिष राशिफल जानते हैं।



इस हफ्ते आपकी स्थिर और व्यावहारिक प्रकृति थोड़ी डगमगा सकती है, क्योंकि नंबर 9 की ऊर्जा कुछ ऐसे भाव और परिस्थितियां उभार सकती है, जिन्हें आप पहले ही सुलझा हुआ मान चुके थे। हर चीज़ को ठीक करने की कोशिश न करें। जो चीज़ें अब अपने आप दूर हो रही हैं, उन्हें जाने दें। बाहरी नियंत्रण के बजाय आंतरिक संतुलन पर ध्यान दें। अपने आसपास के भौतिक और डिजिटल अव्यवस्था को दूर करें। अधूरे पड़े पुराने कामों को पूरा करना आश्चर्यजनक राहत देगा। कार्यक्षेत्र में पुराने अनुबंध, वित्तीय मामले और जिम्मेदारियों की दोबारा समीक्षा करनी पड़ सकती है। जरूरत से ज्यादा सख्त होने से बचें। लचीलापन अपनाने से चीजें सहज बनेंगी। रिश्तों में धैर्य की परीक्षा हो सकती है। नियंत्रण की भावना से नहीं, बल्कि स्पष्टता से बात करें। थोड़ी सी दूरी और माफ़ करने की भावना बहुत कुछ ठीक कर सकती है। शुभ रंग - मिट्टी जैसा भूरा, गहरा नीला शुभ अंक - 4, 13, 22 शुभ दिन - शनिवार संकल्प - ''मैं नियंत्रण छोड़ता हूं और सही चीज़ों को टिके रहने देता हूं।'' साप्ताहिक सलाह - समापन अपने साथ अनपेक्षित स्वतंत्रता लेकर आता है।साप्ताहिक अंक ज्योतिष राशिफल - मूलांक 5 (जन्म तारीख: 5, 14, 23) इस हफ्ते का राशिफल आपके लिए एक मोड़ लेकर आया है, एक पवित्र चौराहा। मूलांक 5 को गति और बदलाव पसंद है, लेकिन यह सप्ताह कहता है कि थोड़ी रफ्तार कम करें और भावनात्मक रूप से खुद का सामना करें। फैसले या ध्यान भटकाने वाली चीज़ों की ओर न भागें। अपने हर एक्शन के पीछे की मंशा को समझने की कोशिश करें। आपको कोई अप्रत्याशित संदेश, यात्रा में देरी या डेजा वू जैसे पल मिल सकते हैं, ये संकेत हैं।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

**स्वाती स्पोर्ट्स**

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...





स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# 60 बच्चे 19 विषय 2 शिक्षक क्या पढ़ाई हो पायेगा?

## प्रधान पाठक नहीं अल्ला दिन का कोई चिराग हो जो सब कुछ तुरंत करो, दिन भर आंखी गड़िया के मोबाइल देखो और तुरंत जवाब बनाकर जमा करो



**खैरागढ़ छुईखदान गण्डई ( नांदगांव टाइम्स )।** वर्तमान छत्तीसगढ़ सरकार और उनके अधिकारियों के द्वारा युक्तियुक्तकरण करते हुए प्रत्येक प्राथमिक शाला जहां पर 60 बच्चे दर्ज हैं वहां पर मात्र दो शिक्षक रहेंगे एक प्रधान पाठक और एक सहायक शिक्षक हम आप आम जनता से पूछना चाहते हैं कि क्या वहां पर पढ़ाई सुचारू रूप से हो पायेगा जबकि कक्षा पहली से पांचवी तक 19 विषय पाठ्यक्रम के रूप में और मुस्कान पुस्तकालय शामिल हैं सरकार आखिर क्या चाहती है आप सभी को बताना चाहेंगे कि आन लाइन और आफ लाइन लगभग 100 से अधिक कार्य चलाए जा रहे हैं जैसे मध्यान्ह भोजन उपस्थिति, पाठयपुस्तक की जानकारी, स्कूल ड्रेस की जानकारी , पेड़ पौधे की जानकारी, शासन से मिलने वाली सामग्री की जानकारी, स्कूल में उपलब्ध संसाधन की जानकारी, आपार आई डी की जानकारी,छात्र वृत्ति की जानकारी,आन लाइन और आफ लाइन ट्रेनिंग प्रशिक्षण , एफ एल एन,पढ़ाई तुम्हार दुवार, शिक्षक , स्वीपर, रसोइयों को मेंटेन की जानकारी, शाला कैलेंडर के अतिरिक्त अनेकों एन जी ओ का दखल,पाठ्य पुस्तकों का बार कोड से स्कैन करना,प्रत्येक बच्चों के पाठ्य पुस्तकों में संस्था का 10 पेज पर सील लगाओ,एक पेड़ मां के नाम,स्वास्थ्य परीक्षण कराओ,नाम जोड़ो कांटो जिनका भी संचालन करना एक शिक्षक दिन सुबह शाम तक मोबाइल में व्यस्त हो जाता है क्योंकि प्राथमिक शाला में कोई अलग से बाबू या कर्मचारी नहीं होता है प्राथमिक शाला के शिक्षकों का जीवन को एक चपरासी से बत्तर बना दिया गया है माता पिता और बच्चे कहते हैं शिक्षक पढ़ाता नहीं हैं शिक्षक पढ़ाना चाहते हैं सरकार उन्हें पढ़ाने नहीं दे रही है दुनिया भर के कामों में उलझा कर रख दिया है शिक्षक चौथी पांचवी में जाता है तो पहली दूसरी तीसरी खाली और उधर जाता है तो चौथी पांचवी खाली हो जाता है ।सरकार से पूछना चाहते हैं कि क्या केवल भौतिक संसाधन बिल्डिंग,भवन,शौचालय,मैदान,खेल समान आदि देने से पढ़ाई पूरा हो जाएगा,शिक्षा विभाग के द्वारा विज्ञापन बाजी में जो पैसा खर्च किया जाता है वह बंद और सभी कक्षाओं और दर्ज अनुसार प्राथमिक शाला में न्यूनतम चार शिक्षक हों प्राथमिक शाला ही हमारा नींव होता है और वहीं कमजोर हो रहा है तो हम किस बुनियाद पर कह सकते हैं कि हमारे बच्चे स्कूल में पढ़ लिख रहे हैं केवल वोट बैंक की राजनीति हो रही बच्चे स्कूल आए अपना नाम गांव लिखना सीख जाए वह अनपढ़ न रहे ।पढ़ लिख लेगा तो अंदर बाहर की जानकारी रखने लग जाएगा नौकरी मांगेगा तब क्या करेंगे ।माता पिता लोग एक रुपया की मुफ्त की चांवल को प्राथमिकता दे रहे हैं पढ़ाई लिखाई से उन्हें कोई मतलब नहीं है ।शिक्षक को अल्ला दिन का चिराग और अली बाबा के चालीस चोर खुल जा सिम सिम बना डाला है शिक्षक सुबह दस बजे जाए और शाम चार बजे तक कोल्हू के बैल की तरह कार्य करे स्कूल में पढ़ाए लिखाए मत ऊपर कार्यालय से मिलने वाली आदेशों का जी हुजूरी करे पोस्टमैन बनकर चिट्ठी का जवाब देते रहे। बड़े बड़े अधिकारीयों और नेताओं के बच्चे तो प्राइवेट स्कूलों में पढ़ते हैं यहां तक स्कूल के पार्टनर होते हैं शिक्षा को बिजनेस बना लिए हैं उन्हें क्या मतलब गांव के अनपढ़ गरीब,मजदूर के बच्चें कैसे पढ़ते हैं वे लोग ही हमारे बच्चों का भविष्य अंधकारमय बना रहे हैं पांच साल में एक बार आते हैं चुनाव के समय दारू, गांजा पैसा,गहना बांटकर जीत जाते हैं सरकार बना लेते हैं उनके बच्चे तो विदेशों में पढ़ते हैं नेताओं के बच्चों को नेता बनाकर हम सब चमचागिरी कर रहे उनके सामने माथा टेक रहे गुलाम बन रहे हैं ।प्राथमिक शाला में नींव को मजबूत करना है तो प्रत्येक कक्षा में कम से चार से पांच शिक्षक जरूरी है।




## प्राथमिक शाला चापाटोला से 5 बच्चों का चयन एकलव्य विद्यालय में

**राजनांदगांव /मोहला ( नांदगांव टाइम्स )।** वि.ख.शिक्षा अधिकारी श्री राजेंद्र देवांगन के मार्गदर्शन में संचालित शिखर कोचिंग के माध्यम



से प्रा.शाला - चापाटोला,संकुल-आलकन्हार, वि.ख.मोहला से 5 बच्चों का चयन एकलव्य विद्यालय मोहला एवं मानपुर में हुआ है। शाला से सागर गांवरे, कु.साधना रावटे, कु. कंचन अमिला,कु.यामिनी कोरेटी,कु.मीनाक्षी का चयन हुआ हैं। चूंकि पिता की अधिक उम्र एवं माता जी के स्वर्गवास होने के कारण कु.मीनाक्षी काउंसलिंग में भाग नहीं ली चयनित बच्चों को संस्था प्रमुख श्री जितेंद्र पटेल,श्री श्याम सिंह बढ़ाई,संकुल समन्वयक श्री पी. एल.देशमुख,संकुल प्राचार्य श्री जी.एस.साहू शिक्षक यशवंत माहले,लालचंद वर्मा, गेंद लाल टंडन,कमल नारायण चंद्रवंशी एवं समस्त ग्रामवासियों ने बधाई दी है।

## जनपद सदस्य संदीप मेश्राम ने ग्राम गुंडरदेही में पूजा अर्चना कर किया बोर खनन का शुभारंभ

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आज विकासखंड अंबागढ़ चौकी के जनपद क्षेत्र के अंतर्गत हेतु ग्राम पंचायत गुण्डरदेही में बोर खनन का विधिविधान से विधिवत पूजन किया गया। मुख्य अतिथि संदीप मेश्राम जनपद सदस्य, सरपंच रवि नेताम, मगेश गौर,मदन कौशिक अरुण साहू,मिनेश्वरी साहू कैलाश सिंहा, फुलकुवर माड़वी, रामसागर साहू आनंद भुआर्य,विष्णु साहू, भोलूसाहू लोकेश चौधरी,गोकुल सिंह अमरचंद साहू, उक्त कार्यक्रम मे एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।



**सुनहरा अवसर**

पढ़ने- पढ़ाने वाले विद्यार्थी सह- शिक्षक सपने साकार करने के लिए रूपये 9 हजार प्रतिमाह से शुरू कर 45 हजार प्रतिमाह की गारंटी देता है



योग्यता : 12वीं पास, फेल से पीएचडी तक सभी आवेदन कर सकते हैं

-: संपर्क करें :-

इंजीनियर पी एल सुलाखे

राजनांदगांव, मो. 9425554092

## करमरी में वृहद स्तर पर पौधारोपण किया

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम पंचायत करमरी के सौजन्य से वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव तथा विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय सिन्हा जिला पंचायत सदस्य गोपाल भूआर्य जनपद सदस्य राधेलाल जोशी भाजपा जिला उपाध्यक्ष चंद्रिका डड़सेना भाजपा मंडल अध्यक्ष हृदय राम देवांगन नैन सिंह पटेल सरपंच ग्राम पंचायत भेजराटोला कोमल सिन्हा पूर्व जनपद सदस्य भूपेन्द्र ' भाजपा जिला महामंत्री रविन्द्र वैष्णव सरपंच दीनदयाल साहू लीलाराम लक्ष्मणलाल डोमनलाल धनीराम डामेश्वर देवांगन एम0 एल0 देवांगन दुखुराम निर्मलकर समस्त पंचगण पंचायत स्टाफ प्राचार्य कौशल कुमार साहू व्याख्याता राजकुमार झा एस देवांगन आँगनबाड़ी कार्यकर्तागण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थीगण जन जागरुकता रैली निकालकर नारे लगाते हुए वृक्षारोपण स्थल पहुंचे तथा इस पुनीत कार्य में शामिल होकर अपने अपने करकमलों से तालाब के पार में अपने अपने माँ के नाम अनेक पौधे रोपे । सरपंच दीनदयाल साहू ने सभी पौधों को झटका तार के घेरे से सुरक्षित करवाए तथा पौधों को सतत् पानी से सिंचाई करवाने हेतु वन एच पी टुल्लू पंच लगवाने का संकल्प लिया। इसके पहले जन प्रतिनिधियों ने पेड़ों का महत्व बताते हुए पर्यावरण संरक्षण हेतु पेड़ लगाकर उनकी सुरक्षा की अनिवार्यता के संबंध में लोगों को जागरूक करते हुए उन्हें अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आव्हान किये ।



## समाज व राष्ट्र के विकास के लिए शिक्षा सबसे बड़ा अस्त्र - मुड़पार स्कूल में मनाया शाला प्रवेश उत्सव

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मुड़पार(सुरगी) में दिनांक 28 जून को शाला प्रवेश



उत्सव मनाया गया। शासकीय प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला मुड़पार में कक्षा पहली और छठवीं के नवप्रवेशी बच्चों को गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर नवीन कक्षा में उनका स्वागत किया गया। नवप्रवेशी बच्चों को गणवेश और पुस्तक वितरित किया गया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ओकेश साहू ने नवप्रवेशी बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए नियमित शाला आने और मन लगा कर पढ़ने के लिए प्रेरित किए। ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष रामलाल साहू ने बच्चों को शिक्षकों के द्वारा दिए जाने वाले नैतिक शिक्षा को जीवन में अपनाने और कड़ाई से पालन करने के लिए कहा वही माणिकचंद साहू ने पालक,शिक्षक और शाला प्रबंधन समिति को साथ में मिलकर बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए साथ में अच्छे कार्य करने का सुझाव दिए। ग्राम पंचायत मुड़पार के उपसरपंच कोमल यादव ने स्कूल के भौतिक संरचनात्मक समस्या को पंचायत स्तर पर हर संभव समाधान करने के आश्वासन दिया। उक्त कार्यक्रम में ग्राम मुड़पार के पीतांबर साहू, सचिन साहू, लक्ष्मण साहू, कोमल साहू, फगू साहू, एवन साहू,साधु राम साहू, श्रीमती लोकेश्वरी साहू ,श्रीमती समुंद बाई सहित भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। माध्यमिक शाला मुड़पार के प्रभारी प्रधानपाठक डोमार सिंह देशमुख के साथ श्रीमती डिलेश्वरी पाटिल, कुमारी हमीदा बानो, श्रीमती सविता बोगा, सुनील कुमार सवाई एवं छनेन्द्र कुमार साहू शिक्षकगण उपस्थित रहे। मंच संचालन छनेन्द्र कुमार साहू (शिक्षक)के द्वारा किया गया। छनेंद्र कुमार साहू ने विद्यार्थी, पालक, शाला प्रबंधन समिति और पंचायत को साथ में सामूहिक रूप से स्कूल के बच्चों के हित में काम करने के लिए कहा ।पालकों और ग्रामीणजन को आश्वस्त करते हुए उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक अपना 100त्न योगदान बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए देते रहेंगे।

## नगर पंचायत ने व्यापारियो को बाटा डस्टबीन- कचरा स्वच्छता मित्रो व दीदियो के हाथो में ही सौपे अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहे

**अंबागढ़ चौकी** (नांदगांव टाइम्स)। संपूर्ण स्वच्छता अभियान के तहत नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए नगरीय निकाय द्वारा नगर के दुकानदारो को डस्टबीन वितरण किया जा रहा है। व्यवासियो से अपील की जा रही है की वे अपने दुकान में निकलने वाले कचरा को सडक या खुले स्थानो में न डाले बल्कि इसके लिए डस्टबीन का उपयोग करते हुए अपना सूखा कचरा स्वच्छता दीदी या नगर पंचायत के स्वच्छता मित्रो के हाथो ही सौपे। अन्यथा कचरा फैलाए जाने पाए जाने पर जुर्माने की कार्रवाई की हो सकती है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर को साफसुथरा रखने के लिए नगर पंचायत द्वारा अप्रेल महीने से निरंतर मुहिम चलाई जा रही है। अभियान के तहत पहले नगरवासियो को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान के तहत सबसे पहले नगर के स्वयं सहायता समूह से जुडी कार्यकर्ताओ को बैठक कर महिलाओ को इस अभियान से जोडा गया। इसके बाद नगर में प्रत्येक सप्ताह नगरवासियो को जोडकर स्वच्छता श्रमदान अभियान चलाया जा रहा है। श्रमदान अभियान के तहत निकाय द्वारा नगर के मुख्य मार्गो गलियो च चौक चौराहो की साफसफाई कर नगरवासियो को स्वच्छता अभियान से जुडने को प्रेरित किया गया। इसके बाद अब वार्डो एवं मोहल्ला वार साफसफाई अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का नेतृत्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी स्वयं कर रहे है वे प्रत्येक शनिवार को स्वच्छता मित्रो व दीदियो के साथ नगर भ्रमण करते हुए नागरिको को इस अभियान में सहयोग करने व नगर को स्वच्छ बनाए रखने में अपना योगदान देने का आहवान कर रहे है।

**दुकानदारो को बाटा गया डस्टबीन**

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी शनिवार से नगर के व्यापारियो को डस्टबीन वितरण कर रहे है। दुकानदारो को सूखा कचरा रखने के लिए बडा डस्टबीन दिया जा रहा है। जिससे वे अपने दुकान से निकलने वाले सभी तरह के सूखा कचरा को एकत्रित कर रखे। शनिवार को बस स्टैन्ड, गुप्ता चोक, डॉ आम्बेडकर चौक, बजरंग चौक, गांधी चौक , बाजार चौक, सुभाष चौक, वेल्डिंग चौक, तथा मुख्य मार्ग जबकि रविवार को मेरेगांव, मोहला रोड, राजनांदगांव जाने वाले मुख्य मार्ग तथा पांगरी रोड में डस्टबीन वितरण किया गया। व्यापारियों को हिदायत दी जा रही है कि वे दुकान से निकलने वाले कचरे को सडक में या गली चौराहो में न डाले। उनके द्वारा दुकानो में रखे गए कचरे को नियमित स्वच्छता दीदियो या निकाय के स्वच्छता मित्र लेने के लिए उनके दुकानो तक पहुचेगें। दुकानदारो को समझाईश दी जा रही है कि यदि वे नगर में कचरा फैलाते पाए गए तो स्वच्छ भारत मिशन के तहत उन पर जुर्माने की कार्रवाई हो सकती है। इधर मुक्त में उपयोगी डस्टबीन मिलने से स्थानीय व्यापारी भी निकाय का आभार जता रहे है।



**सडको एवं चौराहो में कचरा डाला तो अब हो सकती है जुर्माने की कार्रवाई**

**घरो में भी बाटा जाएगा गीला व सूखा कचरा डस्टबीन**

नगर के दुकानदारो व व्यवसायियो के बाद हर घरो में गीला व सूखा कचरा के लिए डस्टबीन वितरण करने की तैयारी चल रही है। बताया जाता है की छैः सात वर्ष पूर्व नगर में स्वच्छ भारत मिशन के तहत घर घर गीला व सूखा कचरा रखने के लिए दो दो डस्टबीन वितरण किया गया था। एक लंबे अंतराल से नगर में गीला व सूखा कचरा एकत्रित करने के लिए डस्टबीन बाटा नही गया है। पहले बाटा गया डस्टबीन टूट फूट गया है। इसके कारण नागरिक एक ही डस्टबीन में गीला व सूखा कचरा एक साथ रख रहे है। जिससे स्वच्छ भारत मिशन का उद्देश्य पुरा नही हो पा रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने बताया की गीला व सूखा कचरा डस्टबीन वितरण के लिए शासन से मांग की गई है।

**शनिवार को चलाया गया स्वच्छता श्रमदान**

प्रंपरानुसार प्रत्येक सप्ताह की तरह इस शनिवार को शंकर पारा, बस स्टैन्ड, पटेल पारा, लिकंकोर्ट, बाजार पारा, डोढगी पारा में स्वच्छता श्रमदान अभियान चलाया गया। मुहिम के तहत नगर पंचायत अध्यक्ष की अगुवाई में स्वच्छता दीदियो एवं निकाय के स्वच्छता मित्र एवं महिला मंडल के कार्यकर्ताओ ने इस अभियान में भाग लिया। दो घंटे चलाए गए इस मुहिम में सीमओ विजय पांडेय, उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, सभापति ईश्वरी ध्रुवे, विनोद डेहरिया, किशुन पटेल, पार्षद उषा यादव, कविता यादव तथा नगर पंचायत के कर्मचारी शामिल हुए।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com